# 10वीं की परीक्षा में 1994 विद्यार्थी हुए शामिल, 27 रहे अनुपस्थित

- तहसील में बनाए 9 परीक्षा केंद्र
- एक भी नकल प्रकरण नहीं बना

**बेगमगंज, 17 फरवरी. तहसील के 9 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं बोर्ड परीक्षा में मंगलवार को अंग्रेजी का पेपर हुआ। इसमें कुल दर्ज 2021 छात्र छात्राओं में से 1994 ने परीक्षा दी. 27 अनुपस्थित रहे. किसी भी केंद्र पर कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना। संबंधित अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी की गई।**



यह जानकारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार की सुबह 9 बजे से शुरू हुईं, छात्र-छात्राएं सुबह 8 बजे ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर अपना रोल नंबर सूचना पटल पर देखकर कक्ष के अनुसार अंग्रेजी का पेपर देने पहुंचे. इस बार कक्षा 10वीं के पेपर एबीसीडी पैटर्न पर आए हैं. बेगमगंज विकासखंड में जो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें महर्षि कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संदीपनी सीएम राइज स्कूल, चांदबड़, वीरपुर, सुल्तानगंज, सुनवाहा और नया परीक्षा केंद्र पड़रिया राजाधार बनाए गए हैं.

> ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील में 9 परीक्षा केंद्रों में कक्षा दसवीं में कुल 2021 दर्ज संख्या में 1994 छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे वही 27 छात्र छात्राएं अनुपस्थित पाए गए. सभी केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया कहीं भी किसी तरह की अव्यवस्था नहीं मिली साथ ही कोई भी नकल का प्रकरण नहीं बना, शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हुई.



# तुलाई नहीं होने से किसानों ने लगाया जाम

- कृषि मंडी में तुलावटी हम्माल हड़ताल पर गए

**बेगमगंज, 17 फरवरी. कृषि मंडी में उपज की तुलाई नहीं होने पर किसानों ने चक्काजाम कर दिया. कृषि उपज मंडी के तुलावटी हम्माल विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए जिसकी जानकारी किसानों तक नहीं पहुंच पाई. किसान अपनी उपज लेकर कृषि उपज मंडी पहुंच गए, जहां उनकी उपज की तुलाई नहीं की गई. तुलाई न होने से नाराज किसानों ने सागर -मार्ग पर जाम लगा दिया.**

चक्काजाम की जानकारी लगते ही एसडीएम एवं कृषि उपज मंडी के भारत साधक अधिकारी सौरभ मिश्रा, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, एस आई संतोष गीद पुलिस बल के साथ पहुंचे. मंडी सचिव अनुराग रघुवंशी और व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय ओसवाल, तुलावटी हम्मालों और किसानों से चर्चा कर जाम को समाप्त कराया. किसानों के द्वारा अचानक जाम लगा देने से सड़क के दोनों और वाहनों की कतारें लग गई थी.



## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन 7 मार्च तक होंगे

**रायसेन, 17 फरवरी.** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये किसान पंजीयन 07 फरवरी से प्रारंभ हो गए हैं. पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित है। रायसेन जिले में गेहूं खरीदी हेतु किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 07 मार्च तक पंजीयन निःशुल्क किए जाएंगे। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केंद्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा. सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध होगी. इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा. फसल के भुगतान हेतु बैंक खाता किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा.

## एक नजर में



### शुद्ध हृदय में ही भगवान का वास होता है : पं .भार्गव

**सलामतपुर, 17 फरवरी.** गल्ला मंडी ग्राउंड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित देवेंद्र भार्गव महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया. महाराज श्री ने माखन चोरी लीला का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि बाल कृष्ण की यह लीला केवल बाल सुलभ चंचलता नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के मधुर संबंध का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि जैसे गोपियों का मन माखन की तरह निर्मल था, वैसे ही शुद्ध हृदय में ही भगवान का वास होता है. इसके बाद गिरिराज (गोवर्धन) प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने इंद्र के अहंकार का नाश कर प्रकृति पूजन का संदेश दिया और भक्तों की रक्षा की. पूतना वध प्रसंग में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने दुष्टता का अंत कर संसार को यह संदेश दिया कि ईश्वर की शरण में आने वाले को अंततः मोक्ष की प्राप्ति होती है. वहीं नंदू उत्सव की कथा सुनाकर उन्होंने जन्मोत्सव की आनंदमयी झांकी का चित्रण किया, जिससे पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा .कार्यक्रम में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं.



### बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**सलामतपुर, 17 फरवरी.** रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मेढ़की, तिजालपुर एवं रतनपुर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एक लाख रुपये से अधिक बकाया बिजली बिल वाले कृषि पंप उपभोक्ता किसानों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई. इस दौरान एक किसान पर विद्युत कंपनी की टीम द्वारा कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान कुछ उपभोक्ता किसानों ने मौके पर ही अपनी बकाया राशि जमा कर दी, जिसके बाद उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई रोक दी गई. वहीं शेष एक किसान जमुना प्रसाद पिता हरि सिंह लोधी निवासी मेढ़की पर डेढ़ लाख रुपये बकाया राशि जमा न करने पर उनकी विद्युत मोटर निकालकर ज़ब्त की गई. इस संबंध में विद्युत कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ता किसानों पर एक लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है, वे शासन द्वारा संचालित समाधान योजना के अंतर्गत अपना बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ लें, ताकि कुर्की जैसी कार्रवाई से बचा जा सके. उक्त कार्रवाई मेढ़की, रतनपुर एवं तिजालपुर गांव में जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार एवं उनकी टीम द्वारा नियमानुसार की गई है. कार्रवाई के दौरान लाइन परिचालक कमलेश मालवीय, नीरज यादव, मीटर रीडर मेहताब सिंह विश्वनाथ उर्फ मिजवान मौजूद रहे.

### दो महीने बाद भी मेट्रो रेल चल रही है घाटे में

**भोपाल, 17 फरवरी.** राजधानी भोपाल में मेट्रो रेल का शुभारंभ 21 दिसंबर 2025 को आम जनता के लिए शुरू किया गया था. जिसका संचालन सुभाष नगर से एम्स के बीच हुआ है. दोनों स्टेशनों के बीच सात किलोमीटर की दूरी और आठ स्टेशन बनाए गए हैं. जो यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से सुसज्जित हैं. जो कि लगभग दो माह पूर्ण होने वाले हैं. इस बीच लगातार घाटे में रेल का संचालन हो रहा है. उसका कारण किराया अधिक और दूरी कम होना रहा है. हालांकि मेट्रो रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को समय की बचत होती है, वहीं यात्रियों खासतौर महिलाओं के लिए यह सुरक्षित है. मेट्रो रेल प्रबंधन घाटे से उबरने और यात्रियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए लगातार स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों और निजी संस्थानों से संपर्क कर यात्रा प्रेरित कर रहे हैं. इस बीच उनको स्वयं की तरफ से यात्रा भी करवा रहे हैं. जिससे उनको सुरक्षा और सुविधा का अहसास हो और मेट्रो से ही यात्रा करने विचार करें. मेट्रो रेल का घाटे में चलने का कारण किराया अधिक होना वहीं दूरी कम है. इस वजह से जनता का मेट्रो से यात्रा करने में रुचि नहीं है. अगर मेट्रो रेल प्रबंधन किराये में कमी करता है तो यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. मेट्रो रेल को घाटे से उबारने के लिए मुंबई या अन्य शहरों में लोकल और फास्ट ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिससे वहां पर यात्री दोनों ट्रेनों में यात्रा करते हैं. जिसे जल्द पहुंचना है वह सुपरफास्ट ट्रेन से यात्रा करता क्योंकि उसके स्टाप कम रहते हैं. वहीं पेटर्न अगर भोपाल मेट्रो रेल प्रबंधन अपनाता है तो यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना हो सकती है. मेट्रो रेल के जनसंपर्क अधिकारी से यात्रियों की संख्या बढ़ाने और एक ट्रेन कम स्टाप के साथ संचालन करने के सुझाव पर चर्चा हुई.

# किसानों को दी उन्नत तकनीक की जानकारी

- रायसेन जिले में भ्रमण कर रहा है कृषि रथ

**बेगमगंज, 17 फरवरी.जिले में कृषक कल्याण वर्ष-2026 के तहत कृषि रथ द्वारा जिले में भ्रमण कर किसानों को ई-विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण), आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती आदि की जानकारी दी जा रही है.**


एसडीएम सौरभ मिश्रा एवं कृषि विकास अधिकारी डीके नायक ने बताया कि कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था और पराली प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है.

इसके साथ ही किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन के लिए आधुनिक यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रॉ रीपर और रीपर कम बाइंडर की भी तकनीकी जानकारी दी जा रही है. किसानों को बताया जा रहा है कि सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी जैसे तीन काम एक साथ करते हैं. इन यंत्रों के उपयोग से न केवल समय और लागत की बचत होती है, बल्कि पैदावार भी अच्छी मिलती है.

# चांद नजर आते ही मस्जिदों में होगा तरावीह का दौर शुरू

- 2 मस्जिदों में 7 दिन और 3 मस्जिदों में 10 दिन की तरतीब रखी

**बेगमगंज, 17 फरवरी. पवित्र माह रमजान शरीफ का आज चांद नजर आते ही शहर की 17 मस्जिदों सहित ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में पूरे माह तरावीह का दौर शुरू हो जाएगा. जिसमें हाफिजे कुरआन मौखिक रूप से इशां की नमाज के बाद 20 रकात तरावीह में कुरआन पढ़कर सुनाएंगे जिसे मुकतदी नमाज की हालत में सुनेंगे।**



शहर की 2 मस्जिदों में 7 दिन, 3 मस्जिदों में 10 दिन की तरतीब रखी गई है। सात दिन में मक्का मस्जिद बालाई टेकरी पर हाफिज साजिद खान, मदीना मस्जिद पठान वाली हाफिज फरहान खां और हाफिज अ. समद। वहीं 10 दिन में मस्जिद नीम वाली हाफिज अजहर खान, मस्जिद अमीर दाद खां हाफिज दानिश खान, और मस्जिद बिलाल मौलाना हाफिज फराज खां, मोहम्मदी मस्जिद, 23 दिन में हाफिज हिफजुर्रहमान खां व हाफिज हुजैफा खां, 25 दिन में मस्जिद जकरिया हाफिज मामून खान, 26 दिन में मस्जिद अक्सा हाफिज अबूजर खान, मस्जिद रहमानी बंगले वाली मुकरबा में हाफिज अकील खान, 27 दिवस में जामा मस्जिद में मौलाना हाफिज एहतेशाम खां, मरकज में हाफिज मौलाना सामिद खां नदवी, मस्जिद नूर हिदायतपुर में मौलाना हाफिज जुनैद खान, मलंग शाह वाली मस्जिद में हाफिज उमर खान, मस्जिद कुरेशियान मंडी मौलाना हाफिज गय्यूर खान, मस्जिद पीराशाह हाफिज मुबाशिर खान, शाही मस्जिद हाफिज मुशर्रफ खां, और पुख्ता फाटक वाली मस्जिद में हाफिज समीर खान तरावीह अदा कराएंगे.

> रात के समय रोजा रखने वालों को उठाने के लिए सहरई के समय जगाने वाले विभिन्न मोहल्ले में गश्त शुरू करेंगे. विभिन्न इलाकों में रोजा अफ्तार के कार्यक्रम भी पूरे माह आयोजित होंगे. पवित्र माह रमजान को लेकर मस्जिदों की साफ-सफाई, पुताई आदि व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं. मुस्लिम त्योहार कमेटी ने शांति समिति की बैठक में पूरा कार्यक्रम प्रस्तुत कर मस्जिदों के आसपास रास्तों पर प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था आदि इंतेजामत के लिए कहा था, जिस पर अधिकारियों द्वारा संबंधितों को निर्देश जारी किए गए हैं.

# जनसुनवाई में समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन, 17 फरवरी.कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया।**




कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण हेतु निर्देशित किया. साथ ही अन्य तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण हेतु वीसी के माध्यम से निर्देशित किया. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री मनोज उपाध्याय, सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, डिप्टी कलेक्टर्स एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे. अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में उपस्थित रहे.

# श्रमिकों को योजना से जोड़ने के निर्देश

## वृद्धावस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल

**रायसेन, 17 फरवरी. असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा पीओ डूडा सहित सभी सीएमओ को अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं.**

इस योजना के अंतर्गत ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है, मासिक आय 15 हजार रूपए या उससे कम है, वह इस योजना के लिये पात्र हैं और अपना पंजीयन करा सकते हैं. इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उन्हें प्रतिमाह 3 हजार रुपये की पेंशन प्रदान की जाती है. योजना में श्रमिकों को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये प्रतिमाह तक का अंशदान 60 वर्ष की आयु तक करना होता है. लाभार्थी की मृत्यु होने पर उसके पति या पत्नी को 50 प्रतिशत अर्थात 1500 रुपये प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है.

> **असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक आवेदन कर सकते**
>
> प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार, हम्माल, कृषि श्रमिक तथा अन्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक आवेदन कर सकते हैं. असंगठित क्षेत्र के श्रमिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा संबंधित पोर्टल के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं. योजना के संबंध में स्थानीय नगरीय निकाय कार्यालय में सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है.

## साहित्य और राष्ट्र चेतना का संगम कार्यक्रम आज

**भोपाल.** अखिल भारतीय साहित्य परिषद भोपाल इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 18 फरवरी को विशेष व्याख्यान और काव्यपाठ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम दोपहर साढ़े 3 बजे विश्व संवाद केंद्र, शिवाजी नगर में होगा. मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग कार्यवाह राधेश्याम मालवीय उपस्थित रहेंगे. विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ ओज कवि नंदन मोहन समर और सारस्वत अतिथि के रूप में वरिष्ठ गीतकार दिनेश प्रभात मौजूद रहेंगे.अध्यक्षता डॉ. नम्रता मेहंदी करेंगी. कार्यक्रम में चयनित रचनाकारों द्वारा काव्यपाठ भी किया जाएगा.

**सुविधा** ▸ नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को होगा

# बिजली चोरी के प्रकरणों में होंगे समझौते

**रायसेन, 17 फरवरी. मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा।**

कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें. कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी.

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी. लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी.

> कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी. यह छूट मात्र नेशनल ''लोक अदालत'' 14 मार्च 2026 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी.

# जेईई मेन्स परीक्षा के फेज 1 का परिणाम घोषित, तनिष्क सिंघल बने सिटी टॉपर

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 17 फरवरी. जेईई मेन्स परीक्षा 2026 के फेज 1 का परिणाम सोमवार की देर रात घोषित कर दिया गया है। जिसमें राजधानी के सिटी टॉपर तनिष्क सिंघल ने 99.92 पर्सेंटाइल, कुनाल ज्ञानचंदानी 99.6, अर्श गिरी 99.56, कृष्णा वर्मा 99.55, अंशिका धाकड़ और अनुज सिंह 99.48, जय कौशिक 99.21 और सालेहा अंसारी ने 98.79 पर्सेंटाइल के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉपर्स की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है.**

जेईई मेन्स रिजल्ट 2026 के परिणाम में सुभाष एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल के 76 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास कर एडवांस के लिए चयनित होकर स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता का बेहतरीन परिचय दिया है. स्कूल के प्रिंसिपल सुधाकर पारासर ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अध्यापकों का सहयोग और छात्रों का निरंतर प्रयास है. जो इतनी बड़ी संख्या में विद्यालय से जेईई एडवांस के लिए छात्र चयनित हुए हैं। पिछले तीन सालों में दूसरी बार है जब आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र सिटी टॉपर बने हैं. इस बार भी जेईई मेन्स 2026 के परिणाम में तनिष्क सिंघल ने 99.92 पर्सेंटाइल हासिल कर सिटी टॉपर में अपना नाम दर्ज कराया है.